तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार 20 जुलाई 2025

13 कलंगपुर स्कूल में किया गया प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन



14 डॉ. बीके शक्तिराज का मोटिवेशनल प्रोग्राम 22 को



बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़




## पत्नी पर किया चाकू से हमला, पति गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पत्नी से थोड़ी नोक झोक व घरेलू विवाद मे युवक इतना आक्रोशित हो गया कि अपनी ही पत्नी को चाकू से वारकर हत्या करने का प्रयास किया। जहां युवक द्वारा किए गए चाकू से हमले में पत्नी की अतड़ी बाहर आ गई। जिसे परिजनों द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया जहां महिला की ईलाज जारी है, वही पत्नी पर हमला करने के बाद युवक फरार होने की फिराक मे था जिसे बालोद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हत्या के प्रयास करने वाले आरोपी को बालोद पुलिस के द्वारा 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार किया गया। आरोपी द्वारा अपने पत्नि को घरेलू विवाद के चलते किया चाकू से मार कर जानलेवा हमला किया गया था। हत्या के प्रयास के बाद आरोपी भागने के फिराक में था, पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को हिरासत में लिया। थाना बालोद में आरोपी के विरूध्द धारा 109 (1) बीएनएस का मामला पंजीबध्द किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम साल्हेटोला कि महिला त्रिवेणी साहू कि चोटील होने की सुचना जिला अस्पताल बालोद से प्राप्त होने पर बालोद कोतवाली थाना द्वारा मौके पर पहुचकर पिड़िता से पूछताछ कर मौके पर जांच कर प्रकरण में पिड़िता का पति लीलाधर साहू के द्वारा अपनी पत्नि को धरेलू विवाद के कारण आक्रोश में आकर उसकी हत्या करने की नियत से उसे चाकू से वार करने से नाभि के नीचे चोट से अतड़ी बाहर आ गया था। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए बालोद थाना व सायबर सेल की टीम द्वारा आरोपी लीलाधर साहू का पता तलाश कर रहा था। सूचना मिला कि आरोपी बाहर भागने की तैयारी में है टीम ने तत्परता दिखाकर अलग–अलग दिशा ▶▶| शेष पेज 12 पर



# सीमेंट में की मिलावट, वैभव ट्रेडर्स का कर्मचारी गिरफ्तार

### पुलिस ने ट्रेडर्स से बड़ी मात्रा में नकली अल्ट्राटेक की बोरी, नकली सीमेंट और होलोग्राम किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

जिले के गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम मोहदीपाट ग़ब्दी स्थित धाक फ्लाई ऐश व वैभव ट्रेडर्स में सीमेंट में मिलावट का मामला सुर्खियों में बना है। इस मामले में ट्रेडर्स के संचालक विजय धाक की गिरफ्तारी पहले ही हो चुकी है। वहीं पुलिस ने यहां के कर्मचारी दीपेश देवांगन को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने मामले की जांच में तेजी लाई है। माना जा रहा है कि अभी कई गिरफ्तारियां और हो सकती है। चर्चा यह भी है कि अन्य सीमेंट कंपनियां भी जांच के लिए पुलिस में शिकायत कर सकती हैं।

■ अल्ट्राटेक की शिकायत पर पुलिस अन्य सीमेंट विक्रेताओं से कर सकती है पूछताछ

मोहदीपाट गब्दी स्थित धाक फ्लाई ऐश व वैभव ट्रेडर्स में सीमेंट में मिलावटी के मामले में लगातार कार्रवाई जारी है। पुलिस ने जांच अभियान तेज करते हुए अब इस मामले में यहां के कर्मचारी दीपेश देवांगन जिसे माना जा रहा है कि यहां की सारी गतिविधियों की जानकारी है उसको को भी गिरफ्तार कर लिया है। अब तक इस मामले में दो गिरफ्तारियां हो चुकी है। साथ ही क्षेत्र के कुछ सीमेंट विक्रेताओं से भी पूछताछ की जा रही है, जो यहां से लेन देन करते थे। सूत्र बताते हैं कि आने वाले दिनों में इस मामले में कुछ और गिरफ्तारियां हो सकती है। सीमेंट में मिलावटी मामले को पुलिस ने गंभीरता से लिया है क्योंकि क्षेत्र में सस्ती सीमेंट के लिए धाक फ्लाई एस और वैभव ट्रेडर्स काफी चर्चित नाम हो गया था। यहां से न जाने कितने लोगों ने सीमेंट लिया है और कितने लोगों के घर मिलावटी सीमेंट के भरोसे खड़ा हो गया है। ऐसे में ▶▶| शेष पेज 12 पर



### 584 बोरी मिलावटी सीमेंट जब्त

अभी तक इस मामले में अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी की शिकायत पर ही कार्रवाई हुई है। बताया जाता है कि इस मामले में अन्य सीमेंट कंपनियों का भी ध्यान है और किसी भी समय वे भी पुलिस में शिकायत कर सकते हैं, क्योंकि जब्त सीमेंट की पक्की रसीद नहीं है। अंबुजा सीमेंट की नॉट फॉर सेल बोरी बेचने का भी मामला यहां आ चुका है। 584 बोरी मिलावटी सीमेंट जिसे जांच के बाद जब्त किया गया है उसकी भी कोई पक्की रसीद वैभव ट्रेडर्स के पास नहीं है। इस संबंध में जानकार लोग बताते हैं कि पूरा खेल मिलावटी का और नॉट फॉर सेल सीमेंट को बेचने का है।


## छात्रा की मौत पर अभाविप ने विभागाध्यक्ष का पुतला फूंका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बालोद। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने बालेश्वर ओडिशा में एक छात्र की कथित आत्महत्या के मामले में विरोध प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार एफएम कॉलेज की छात्र सौम्याश्री विशी को अपने कॉलेज के विभागाध्यक्ष द्वारा की गई प्रताड़ना से आहत होकर आत्मदाह का प्रयास किया था। अस्पताल में जीवन और मृत्यु से लंबे संघर्ष के बाद उनका निधन हो गया। अभाविप के कार्यकर्ताओं के अनुसार छात्र ने यह गंभीर कदम उसके चरित्र पर की गई असंवेदनशील टिप्पणियों के कारण उठाया था। सौम्याश्री विशी के निधन से पूरा अभाविप परिवार स्तब्ध और शोकाकुल है। इस घटना के विरोध स्वरूप बालोद में 17 जुलाई को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा एफएम कॉलेज के विभागाध्यक्ष का पुतला दहन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओ ने जमकर नारेबाजी की और विरोध प्रदर्शन किया।



# आदेश के बाद भी 134 शिक्षकों ने नहीं ली ज्वाइनिंग, होगी निलंबन की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

युक्तियुक्तकरण के बाद रिक्त पदों वाले स्कूलों में ज्वाइन करने के आदेश का अब तक पालन नहीं हो पाया है। हाईकोर्ट ने 146 शिक्षकों की याचिका लगाने के बाद कलेक्टर को उनके मामले में फिर से सुनवाई करने कहा था। कोर्ट के आदेश पर इन शिक्षकों की सुनवाई पूरी हो चुकी है। जिला व संभाग स्तर पर की हुई सुनवाई में केवल 7 शिक्षकों को राहत मिली है। इस तरह 139 शिक्षकों को अपने आदेशित स्कूलों में ज्वाइनिंग देनी थी। हाल यह है कि इन शिक्षकों ने ज्वाइनिंग ही नहीं किया है। हालात को देखते हुए जिला शिक्षा विभाग ऐसे शिक्षकों को निलंबित करने की कार्रवाई करेगा।


## युक्तियुक्तकरण- सुनवाई के बाद केवल 7 शिक्षकों को मिल पाई थी राहत

### ज्वाइनिंग नहीं होने से स्कूलों में पढ़ाई प्रभावित

16 जून से सरकारी स्कूल खुले हैं। प्राइमरी, मिडिल, हाई व हायर सेकंडरी स्कूलों के शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण हुआ है। महीनेभर स्कूल शुरू हो गए हैं लेकिन शिक्षकों की कमी के चलते विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इस बार आठवी को भी बोर्ड किया गया है। दसवी और बारहवी बोर्ड पहले से है। इसलिए बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थियों की पढ़ाई सबसे ज्यादा प्रभावित हो रही है।

### जिला स्तर पर केवल 7 लोगों को राहत

जिला स्तर पर हुई सुनवाई में केवल 7 शिक्षकों को राहत मिली है। इन शिक्षकों के समक्ष अब यह समस्या आ गई है कि जितने रिक्त पद थे वे पहले से भर गए हैं। ऐसी स्थिति में वे अपने पुराने स्कूल में जा नहीं सकते। फिर भी जिले से बाहर जाने से वे बच गए। ये शिक्षकों ने ज्वाइनिंग भी दे दी है।




### ज्वाइनिंग नहीं देने वाले दुर्ग जिले के शिक्षक

| | |
|---|---|
| सहायक शिक्षक - | 10 |
| प्रधान पाठक प्राथमिक शाला- | 02 |
| व्याख्याता- | 02 |
| दुर्ग जिले से बाहर वाले शिक्षक- | 125 |

### संभाग स्तर पर 40 की सुनवाई पूरी

संभाग स्तर पर संभागीय आयुक्त के समक्ष सुनवाई की गई है। जिसमें दुर्ग जिले के 40 शिक्षकों की सुनवाई हुई। इनमें से संभाग आयुक्त ने संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग को कुछ ही शिक्षकों के परीक्षण करने कहा है। इस स्थिति में दुर्ग जिले के शिक्षकों ने ज्वाइनिंग देने में रूचि नहीं दिखा रहे।

### सोमवार को निलंबन आदेश

युक्तियुक्तकरण में जिन शिक्षकों ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था उनकी सुनवाई हाईकोर्ट के आदेश पर कलेक्टर के समक्ष हमने फिर से की। इसमें केवल 7 शिक्षक के प्रकरण मान्य हुए हैं। शेष शिक्षकों को स्कूलों में ज्वाइनिंग करने कहा गया था । शासन के निर्देश पर ज्वाइनिंग नहीं करने वालों को सोमवार निलंबन आदेश जारी कर देंगे।
**-अरविंद कुमार मिश्रा,** डीईओ दुर्ग

## खबर संक्षेप



### दबंगई दिखाने वाले दो युवक पुलिस गिरफ्त में

भिलाई। दबंगई दिखाने वाले दो युवको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि घासीदास नगर जामुल निवासी सिद्धार्थ कुमार गुप्ता ने शिकायत किया है। मोहल्ले में निवास करने वाला प्रिंस कुमार और भूपेन्द्र कुमार टंडन उर्फ राजू ने पीड़ित के मकान का दरवाजे के पास पीना खाना कर रहे थे। मना करने पर प्रिंस,उसके दोस्त गाली गलौज कर जबरदस्ती घर में घुस कर लोहे के रॉड, बेस बल्ला से मारपीट कर चोट पहुंचाई। जामुल पुलिस ने दोनों आरोपियों को खोजबीन कर प्रिंस कुमार, भूपेन्द्र कुमार टंडन उर्फ राजू को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। कार्रवाई में प्रभारी जामुल निरीक्षक राजेश मिश्रा समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### डायरेक्टर इंचार्ज से मिला एम्पलाइज एसोसिएशन



**भिलाई।** बीएसपी के निदेशक प्रभारी सीआर महापात्रा से बीएसपी, एससी, एसटी एम्पलाइज एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष कोमल प्रसाद के नेतृत्व में मुलाकात की। कोमल प्रसाद ने एसोसिएशन के पदाधिकारियों का परिचय कराया। एसोसिएशन की गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संयंत्र को और बेहतर बनाने के लिए आपके नेतृत्व में हम मिलकर प्रयास करेंगे। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष चेतन लाल राना, महासचिव विजय कुमार रात्रे, उपाध्यक्ष वेदप्रकाश सूर्यवंशी, कोषाध्यक्ष अनिल खेलवार उपस्थित थे।

### कार्यकर्ताओं ने देखी विधानसभा की कार्यवाही



दुर्ग। शहर विधानसभा से कार्यकर्ताओं ने छत्तीसगढ़ विधानसभा का भ्रमण किया। इस दौरान कार्यकर्त्ताओ ने विधानसभा की कार्यवाही को नजदीक से देखा और संसदीय प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त किये। इसके पूर्व जैन समाज के सोशल ग्रुप ने भी विधानसभा परिसर का भ्रमण किया। विधानसभा परिसर में दर्शक दीर्घा, पुस्तकालय तथा केबिनेट मंत्री कक्ष पहुंचे। उनसे सौजन्य मुलाकात कर विभागीय कार्यों की जानकारी ली। वित्त मंत्री ओपी चौधरी से कार्यकर्त्ताओ ने विधायक संग भेंट कर राज्य की राजनीति, विधायी प्रक्रिया और उनके महत्व के बारे में जानकारी ली। अपने क्षेत्र में समाज और देश के प्रति जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा दी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव से मुलाकात कर सभी तस्वीर लिए और सांगनात्मक कार्य करने मार्गदर्शन प्राप्त किया। विधायक गजेन्द्र यादव ने विधानसभा भ्रमण के दौरान प्रश्नकाल में सवाल पूछने और आने की प्रक्रिया, ध्यानाकर्षण में जनता के मुद्दों को सदन में रखने की जानकारी साझा की।

### पदोन्नति व समयमान नहीं, कर्मचारी आक्रोशित

**भिलाई।** जिला स्तरीय विभागीय परामर्शदात्री समिति की बैठक विगत कई वर्षो से नहीं हुई है। कर्मचारियों एवं अधिकारीयों की विभागीय पदोन्नति, समयमान वेतनमान, क्रमोंन्नति, सेवानिवृत्त उपरांत देय स्वत्वों का भुगतान समय पर नहीं होने, पेंशन प्रकरण, मेडिकल बिल, यात्रा भत्ता देयक, मातृत्व अवकाश, संतान पालन अवकाश भुगतान समय पर नहीं होने, विभागीय जांच प्रकरण निपटारा समय पर नहीं होने से कर्मचारियों में नाराजगी है। शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संगटनों के प्रतिनिधियों को तीन माह में परामर्शदात्री समिति की बैठक बुलाने निर्देश हैं।

## बीएसपी ने किया कनेक्टकॉन पीआर कॉन्क्लेव का आयोजन

# जनसंपर्क की भूमिका संस्थागत विकास का आधार, तेजी से बढ़ रहा एआई का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा शुक्रवार को विश्व जनसंपर्क दिवस के उपलक्ष्य में भिलाई निवास के बहुउद्देशीय सभागार में राष्ट्र स्तरीय पीआर कॉन्क्लेव 'कनेक्टकॉन' का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बीएसपी के निदेशक प्रभारी चितरंजन महापात्रा थे। कनेक्ट कम्युनिकेटक्रिएट थीम पर आधारित कॉन्क्लेव का उद्देश्य जनसंपर्क के क्षेत्र में नवीनतम प्रवृत्तियों, चुनौतियों, अवसरों और बदलते रुझान पर गहन विचार-विमर्श करना था। चितरंजन महापात्रा ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

सेल के राउरकेला, बोकारो, कार्पोरेट ऑफिस, वीआईएसएल, सीएसपी सहित जनसंपर्क पेशेवरों, उद्योग विशेषज्ञों और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों विचार व्यक्त किए। संयंत्र के कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, एके चक्रवर्ती, पवन कुमार, बिपिन कुमार गिरी, डॉ .एम रवींद्रनाथ सहित मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी, मुख्य महाप्रबंधक तथा विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष आदि अधिकारी व विभिन्न विभागों के 30 इंटर्नल रिसोर्स पर्सन्स ने भी भाग लिया।

श्री महापात्रा ने जनसंपर्क विभाग के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि जनसंपर्क की भूमिका अब केवल मीडिया प्रबंधन तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह किसी भी संगठन के संस्थागत विकास का एक रणनीतिक आधार बन चुका है। राष्ट्र निर्माण में इस्पात उद्योग की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा संयंत्र द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका जैसे क्षेत्रों में व्यापक सीएसआर कार्यों के बाद विस्तार के समय हमें कई बार स्थानीय विरोध का सामना करना पड़ता है, जिनसे निपटने में जनसंपर्क विभाग की भूमिका अहम है । जीएम अमूल्य प्रियदर्शी ने स्वागत भाषण में कॉन्क्लेव' की थीम, महत्व और विभिन्न सत्रों की संक्षिप्त जानकारी दी।

## बीएसपी के अधिकारियों ने संचार, संबंध और रचनात्मकता पर किया मंथन






### एआई पर हुई पैनल चर्चा

प्रथम सत्र में इकाइयों से आए प्रतिनिधियों ने स्टील प्लांट्स में जनसंपर्क विभाग की कार्यप्रणाली, प्रमुख गतिविधियों पर जानकारी दी। वक्ताओं में उप प्रबंधक राउरकेला इस्पात संयंत्र के एसएस पटनायक; महाप्रबंधक वीआईएसल, भद्रावती के एलप्रवीण कुमार; सहायक प्रबंधक ,सीएफपी, चंद्रपुर की श्यामली लोखंडे; तथा वरिष्ठ प्रबंधक , बीएसएल, बोकारो के अभिनव शंकर शामिल थे। सेल कॉरपोरेट अफेयर्स डिवीजन, दिल्ली की ओर से डीजीएम मानिक भार्गव व एजीएम समन्विता घोष ने प्रस्तुति दी। डीजीएम बीएसपी अपर्णा चंद्रा द्वारा बीएसपी की जनसंपर्क नीतियों व रणनीतिक संप्रेषण पहलों पर प्रस्तुति दी। अध्यक्षता सीजीएम प्रभारी अनूप कुमार दत्ता ने ने सभी प्रस्तुतियों पर समीक्षा प्रस्तुत की। बाद जनसंपर्क प्रथाओं में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग विषय पर हुई पैनल चर्चा का नेतृत्व सीजीएम प्रभारी योगेश शास्त्री तथा पूर्व सीजीएम सौरभ सिन्हा ने किया। संचालन महाप्रबंधक बोन्या मुखर्जी ने किया।दूसरे पैनल सत्र सोशल मीडिया का उपयोगः जनसंपर्क के लिए नैतिकता एवं चुनौतियों की पुनर्परिभाषा विषय पर था। नेतृत्व शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के पूर्व निदेशक एवं पूर्व प्रमुख एसपी जग्गी तथा जीएम अमूल्य प्रियदर्शी ने किया। साथ ही डीजीएम भारतीय स्टेट बैंक, आरके सिन्हा द्वारा वीडियो प्रस्तुति दी गई।

### लघु फिल्मों का प्रदर्शन

बीएसपी के जनसंपर्क विभाग द्वारा निर्मित कई लघु फिल्मों व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी हुई। विजेताओं को उपहार प्रदान किए गए। वरिष्ठ प्रबंधक बीएसएल अभिनव शंकर ने प्रथम व महाप्रबंधक वीआईएसएल एलप्रवीण कुमार को द्वितीय पुरस्कार मिला। डीजीएम बीएसपी नितिन अग्निहोत्री तृतीय रहे। निर्णायक मंडल में पूर्व पीआरओ बीएसपी विजय मैराल, पूर्व जीएम एसकदरिपा, पूर्व वरिष्ठ प्रबंधक सत्यवान नायक शामिल थे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि ईडी पवन कुमार एवं विशिष्ट अतिथि सीजीएम संदीप माथुर उपस्थित रहे। अतितियों द्वाराविजेताओं, प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। पवन कुमार ने कहा कि जनसंपर्क एक निरंतर बदलता हुआ क्षेत्र है, जहाँ हर दिन नई प्रवृत्तियाँ सामने आती हैं। उन्होंने कहा, "रचनात्मक आलोचना सुधार के लिए आवश्यक है। जीएम प्रशांत तिवारी ने आभार प्रदर्शन व संचालन अपर्णा चंद्रा ने किया। कार्यक्रम में एजीएम बीएसपी जवाहर बाजपेई, एसककामड़े, तथा बीएसपी जनसंपर्क विभाग की टीम का विशेष योगदान रहा।

# गोदाम का ताला तोड़कर नकदी पार करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



सीमेंट गोदाम का ताला तोड़कर नगदी रुपए पार करने के मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि जेवरा सिरसा में स्थित अल्ट्राटेक सिमेंट के गोदाम के ऑफिस का ताला तोड़कर अज्ञात ने नगदी रकम पार किया था। टेबल के ड्रॉज से रकम 84 हजार 400 रुपए गायब मिला। अल्ट्राटेक कंपनी से ऋषि अग्रवाल ने घटना की शिकायत पुलिस में की थी।

जांच में लेने पर मुखबिर ने सूचना पर पुलिस ने संदेही सिकोलाभाठा उरला बाम्बे नगर निवासी राजेन्द्र ठाकुर को पकडा गया। पूछताछ करने पर ुसने बताया कि 10 वर्षों से गोदाम में काम करता है। मजदूरो का पेमेंट के बाद बचा रकम को ड्रॉज में रखते है। चोरी करने की नियत से गोदाम के ऑफिस के प्लाई दरवाजे को तोडकर रात को घुसकर रुपए पार करना स्वीकार किया। आरोपी ने 15 हजार पीने खाने में खर्च किया। बचा नगदी 69 हजार 300 रुपए को अपने घर में रखना बताया। पुलिस ने तुरंत घर पहुंचकर जब्त किया। कार्रवाई में जेवरा सिरसा प्रभारी उनि खगेन्द्र पठारे से समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

# मालवाहक और ट्रैक्टर से भिड़ंत आठ मजदूर घायल, तीन गंभीर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुम्हारी

मालवाहक और ट्रैक्टर से भिडंत से आठ मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि केडिया डिस्टलरी में ठेकेदारी कर काम कर रहे मजदूर मालवाहक से

- गुरुवार की रात खपरी पंचदेवरी मार्ग में हादसा, चल रहा इलाज

लौट रहे थे। इस दौरान तेज रफ्तार ट्रैक्टर से जा भिड़ी। हादसा गुरुवार रात 7.30 बजे ग्राम खपरी पंचदेवरी मार्ग के पास हुआ। कुम्हारी थाना प्रभारी पीडी चंद्रा ने बताया कि वापस गृह ग्राम मोहरेंगा, दारगांव लौट रहे मजदूरों से भरी मालवाहक सीजी 07 सीओ 1690 को विपरीत दिशा से आ रही ट्रैक्टर सीजी 07 बीयू 3301 से जा भिड़ी। मालवाहक में 15 मजदूर घायल हो गए। सभी घायलों को सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र में उपचार के लिए रात को भेजा गया। जिसमें 8 मजदूरों की हालत गंभीर होने पर रायपुर के मेकाहारा अस्पताल भेजा गया। बता दें कि वर्षों से आस-पास के गांवों से मजदूर मालवाहक वाहनों में विभिन्न स्थानों पर मजदूरी के लिए लाए जाते है। कुम्हारी में ही देखे तो बड़ी संख्या में मजदूर खुले वाहनों में भरकर लाये जाते है। इसके पूर्व भी कई वाहने हादसे का शिकार हो चुकी है।

### ये मजदूर है घायल, सभी को गंभीर चोटें आईं

पुलिस के मुताबिक घायलों में चमेली साहू, दुलारी विश्वकर्मा, शिवानी सेन, मालती सिंह, जानकी सिन्हा, मानवती सिंह, बुधवंतीनसाहू, कमला साहू, भगवती साहू शामिल है। इनका उपचार अस्पताल में जारी है।

# श्रीराम चौक पर तेज रफ्तार वाहनों को नियंत्रित करने लगाया गया स्टॉपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

श्रीराम चौक हुडको में यातायात के भारी दबाव और आए दिन होने वाली दुर्घटना को लेकर स्थानीय

- हुडकोवासियों ने ट्रैफिक पुलिस से की गई थी मांग

लोगों ने मार्ग में स्टॉपर लगाने की मांग की गई थी।

इसके बाद चौक के आसपास स्टॉपर लगाए गए। इसे लेकर पिछले दिनों कांग्रेस नेता जावेद खान ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को



ज्ञापन सौंपा था। उन्होंने कहा था कि भिलाई-दुर्ग के लगभग सभी प्रमुख स्कूलों की बसें यहां से तेज रफ्तार में गुजरती हैं। इसके कारण अवागमन में बाधा उत्पन्न होती है। सड़क हादसे भी हो रहे हैं। इसके बाद उप पुलिस अधीक्षक सदानंद सिंह विंधयाराज ने स्टापर लगवाने के निर्देश दिए।

स्टॉपर लगने से ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने और हादसों को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। जावेद खान ने पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

# हेल्थ विभाग में फैली अनियमितता और लापरवाही, कलेक्टर से शिकायत

**दुर्ग।** कांग्रेस ने स्वास्थ्य विभाग में अनियमितता और लापरवाही का आरोप लगाया है। इसे लेकर पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता कलेक्टर अभिजीत सिंह से मिले। उन्होंने भवन नियमितीकरण में हो रही देरी, 184 पदों की भर्ती प्रक्रिया को रद्द किए जाने, संविदा कर्मचारी की वेतन काटे जाने, मातृ शिशु अस्पताल में टीकाकरण की लचर व्यवस्था एवं हमर क्लीनिक में डॉक्टरों की कमी को लेकर व्यवस्था में सुधार की मांग रखी। इस दौरान जिला अस्पताल में जनता के सुविधा के लिए कैजुल्टी नंबर को



- पूर्व मेयर बाकलीवाल ने कलेक्टर से मुलाकात कर दी जानकारी

पुनः शुरू करने का आग्रह किया गया। नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, पूर्व सभापति राजेश यादव, छाया महापौर प्रेमलता साहू, पार्षद दीपक साहू, भास्कर कुंडले, ज्ञानदास बंजारे, पूर्व पार्षद भोला महोबिया सहित अन्य मौजूद थे।

## महापौर अलका बाघमार ने निगम अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# मेयर ने फाइल अटकाने वाले अफसरों को लगाई फटकार, पानी सप्लाई की मॉनिटरिंग के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र के सभी वार्डों में जल आपूर्ति की व्यवस्था सुचारू रूप से जारी रखने व तकनीकी संसाधनों में आ रही खराबी की जानकारी लेने महापौर अलका बाघमार ने जलगृह अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने फाइलें पेंडिंग रखने वाले अफसरों की जमकर क्लास ली।

दो टूक शब्दों में कहा कि पानी मनुष्य की पहली आवश्यकता है। इसे ध्यान में रखकर इंटकवेल से लेकर फिल्टर प्लांट तक सभी मशीनरी सामग्री को नियमित चेक कर खराबी आने से पहले उनका वैकल्पिक व्यवस्था तैयार रखें।नियमित मॉनिटरिंग करते रहने निर्देश दिए। बैठक में निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल जल गृह प्रभारी लीना दिनेश देवांगन, नरेंद्र बंजारे, देवनारायण चन्द्राकर, कार्यपालन अभियंता



आरके जैन सहित अन्य मौजूद थे। बैठक में गर्मी के दिनों में हुए जल संकट के बाद अब बारिश के दिनों में भी अनेक वार्डों में बार-बार हो रही जल संकट पर महापौर अलका बाघमार ने सख्त रुख अपनाते हुए कारणों को लेकर विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान लीना देवांगन ने तकनीकी व मशीनरी सामग्री हेतु प्रशासनिक स्वीकृति के लिए गए फाइलें रुकने तथा समय पर उपकरणों की अनुपलब्धता से हो रही दिक्कतो से अवगत कराया।

महापौर अलका बाघमार ने फाइल दबाकर बैठने वाले अधिकारी को समय सीमा के अंदर फाइले निपटाने और इंटकवेल से लेकर फिल्टर प्लांट तक मोटर पम्प से लेकर सभी इलेक्ट्रिकल व उपकरण अपडेट रखने के निर्देश दिए।

### इंटकवेल में लगाए जाएंगे नए मोटर, एमआईसी से मंजूरी

बैठक में महापौर ने 24 एमएलडी प्लांट से संबंधित टंकियों में पर्याप्त पानी नही भरने की मुख्य वजह प्लांट की मोटर पम्प कमजोर होना है। इसे ध्यान में रखकर नया मोटर पंप खरीदने एमआईसी से स्वीकृति हो गई है। अब राशि स्वीकृति के लिए शासन को तत्काल भेजने के निर्देश दिए। साथ ही बिजली आपूर्ति भी सामान्य रखने फिल्टर प्लांट में अतिरिक्त सब स्टेशन के बचे कार्य पूर्ण करने कहा। ताकि विद्युत व्यस्था भी वैकल्पिक रूप से तैयार रहे। उन्होंने अधिकारियों को बड़ी लाइनों में हो रहे लीकेज को भी जल्द सुधारने कहा। अमृत मिशन के तहत नई पाइप लाइन से पानी आपूर्ति करने कहा। बैठक में जलगृह उप अभियंता मोहित मरकाम, विनोद मांझी, जलकार्य निरीक्षक नारायण ठाकुर मौजूद थे।

# ओए ने भारत वन परियोजना स्थल पर किया पौधारोपण, सहेजने संकल्प

**भिलाई।** बीएसपी के द्वारा सीएसआर बीएसपी की परियोजना भारत वन नेवई में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में सीएसआर विभाग बीएसपी के द्वारा इस परियोजना की जानकारी ओए के पदाधिकारियों को प्रदान की गयी। नेवई में स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय के समीप 17 एकड़ भूमि पर 114 प्रजाति की एक लाख आठ हजार पौधों का रोपण किया जा रहा है। परियोजना से इस क्षेत्र में पक्षियों की बसाहट बढ़ेगी तथा जैव विविधता को सुदृढ़ किया जा सकेगा।

## पेज 11 के शेष...

### पत्नी पर किया ...

में जाकर आरोपी लीलाधर साहू को घेराबंदी कर पकडा गया। आरोपी ग्राम हीरापुर थाना बालोद जिला बालोद निवासी लीलाधर साहू को पूछताछ करने पर उक्त अपराध घटना करना स्वीकार करने से घटना में प्रयुक्त चाकू को बरामद कर जप्त किया गया तथा आरोपी को 18 जुलाई को गिरफ्तार किया गया है जिसे न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है।

### सीमेंट में की...

इस मामले में जितने भी लोगों की संलिप्तता पाई जा रही है पुलिस ने सब पर कार्रवाई करने जांच में तेजी ला दी है।

ज्ञात हो कि अल्ट्राटेक कंपनी के सीमेंट में फ्लाई ऐस मिलावट कर बेचने वाले मोहदीपाट के वैभव ट्रेडर्स के संचालक विजय चंद्र धाक के खिलाफ कॉपीराइट अधिनियम (संशोधित) 1957 की धारा 63, 65, बीएनएस की धारा 318(4)के तहत अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बड़ी मात्रा में अल्ट्राटेक कंपनी का मिलावटी सीमेंट जब्त किया है। आरोपी मेसर्स अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिट्ड कंपनी के नाम का मार्का लगाकर बेचता था। आरोपी को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया है। इसके पास से बड़ी मात्र में नकली अल्ट्राटेक की बोरी, नकली सीमेंट, होलोग्राम जब्त किया गया है। सीमेंट और छड़ों को बहुत ही कम दाम में बेचने के कारण व्यापारियों को आशंका थी कि यहां कोई न कोई खेल चल रहा है, आखिर में खेल का भंडाफोड़ हो ही गया। अब इस मामले में एक और गिरफ्तारी हो चुकी है।

## खबर संक्षेप



### मंगचुवा-जुन्नापानी मार्ग का 4.70 करोड़ में होगा निर्माण

**बालोद/डौंडीलोहारा।** वर्षों से लंबित मंगचुवा से जुन्नापानी तक के बहुप्रतीक्षित सड़क मार्ग निर्माण को हरी झंडी मिल गई है। शासन ने इस योजना के लिए 4 करोड़ 70 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। यह सड़क लगभग 3.40 किमी लंबी होगी, जिसके निर्माण से मंगचुवा, भर्रीटोला, जर्राडीह, डूमरटोला सहित जुन्नापानी व आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों को उबड़ खाबड़ रोड से मुक्ति मिलेगी। यह उपलब्धि भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख के प्रयास और लोक निर्माण मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव पहल पर मंजूरी मिली है। इस सड़क को प्राथमिकता के साथ शासन के समक्ष प्रस्तुत किया, जिसे अंततः 2024-25 के बजट में शामिल किया गया था।

### सेजस स्कूल में हुआ प्रवेशोत्सव और मेधावी छात्रों का सम्मान



**अंडा।** सेजस विद्यालय चंदखुरी में शाला प्रवेशोत्सव व मेधावी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, मुंह मीठा कराकर और पुस्तक वितरण कर प्रथम व द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण बच्चों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि आशा विक्की मिश्रा जिला पंचायत सदस्य, गोपाल यादव जनपद सदस्य, कविता ठाकुर सरपंच योगिता यादव उपसरपंच, राजू चंद्राकर अध्यक्ष जनभागीदारी समिति, शिखा मिश्रा प्राचार्य, भूपेन्द्र साहू सक्रिय सदस्य, दुष्यंत चंद्राकर शिक्षाविद घनश्याम साहू पंच जितेन्द्र यादव उपसरपंच, प्रतिक जैन सदस्य, योगेश चंद्राकर, लता चंद्राकर, दुर्गेश साहू, उषा यादव, मंजु तिवारी व बच्चे एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### साईं धाम सेवा साधना के लिए 112 श्रद्धालुओं ने कराया पंजीयन

**गुण्डरदेही।** सत्य साईं सेवा संगठन छत्तीसगढ़ प्रांत के आह्वान पर साईं धाम आंध्र प्रदेश में 31 अगस्त से 8 सितंबर तक सेवा साधना के लिए गुण्डरदेही विकासखंड से 112 लोगों ने अपना पंजीयन करवाया है। जिसमें विमल वैदिक सेवा आश्रम पैरी से जुड़े श्रद्धालु भी शामिल है। आश्रम के अध्यक्ष सालिक राम वर्मा ने कहा कि स्वामी सत्य साईं केवल एक दूसरे से प्रेम करने का ही संदेश देते थे, ऐसा करने से ही भयावाह, अराजकता की स्थिति में नियंत्रण पाया जा सकता है। वास्तव में करुणा, दया, क्षमा, प्रेम ही मनुष्य का आभूषण है। सत्य साईं सेवा समिति बेलौदी के ग्रुप लीडर अनिल कटहरे के नेतृत्व में साहित्यकार अशोक आकाश, केशव राम साहू, गोपाल बंजारे, देवनारायण सिन्हा, बेणीराम सरवा, महादेव रजक, विष्णु प्रसाद साहू, गंगाराम साहू, फूल सिंह यादव, ढालसिंह चंद्रवंशी, राम जी विश्वकर्मा, नेतराम सेन, रामबाई गांवरे, नोमिन साहू, नीरा विश्वकर्मा, कुमारीबाई चंद्राकर, खेलनबाई धनकर, शारदा साहू, मोहन निषाद, चैन सिंह कामडे, देविका सिन्हा, प्रिया निषाद, हेमलता साहू उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार अर्जुन्दा, जिला बालोद (छ.ग.)**

**उदघोषणा**

एतद् द्वारा ग्राम अर्जुन्दा, प.ह.नं. 18, रा.नि.मं. व तह. अर्जुन्दा, जिला बालोद को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक बीरेन्द्र कुमार आ. सेवक राम देवांगन, जाति कोष्टा, निवासी ग्राम अर्जुन्दा, तह. अर्जुन्दा, जिला बालोद द्वारा ग्राम अर्जुन्दा, प.ह.नं. 18, रा.नि.मं. व तह. अर्जुन्दा, जिला बालोद स्थित आवेदित खाते की भूमि ख.नं. 1047/29, 1047/31, रकबा क्रमशः 0.02, 0.04 हे., कुल ख.नं. 02, कुल रकबा 0.06 हे. भूमि आवेदक के नाम पर भूमिस्वामी हक में वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त वाद भूमि से संबधित किसान किताब गुम हो जाने की कारण द्वितीय प्रति किसान किताब हेतु आवेदन पत्र के साथ बी-1 नकल, बकाया नही प्रमाण पत्र, चालान की प्रति, थाना रिपोर्ट की प्रति, आधारकार्ड की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्ताशय के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा / आपत्ति पेश करना है तो वह इस न्यायालय में पेशी दिनांक 25/07/2025 को न्यायालीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है समयावधि समाप्ति पश्चात आये किसी प्रकार की दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 08/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
अर्जुन्दा, जिला-बालोद

## कार्यक्रम : जिले के सभी 5 जनपद पंचायतों एवं 9 नगरीय निकायों के विभिन्न स्थानों पर लगभग 2 लाख पौधों का रोपण होगा

# जिले में आज होगा वृहद पौधारोपण अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला प्रशासन के अभिनव पहल एवं जिलेवासियों की सहभागिता से 20 जुलाई को बालोद जिले में समाज के सभी वर्गों के सहयोग से वृहद पौधारोपण कार्यक्रम के माध्यम से प्रकृति की रक्षा एवं पर्यावरण के संरक्षण व संवर्धन की दिशा में एक नया अध्याय जुड़ने वाला है।

इसके अंतर्गत रविवार को वृहद पौधारोपण सह वनमहोत्सव के अवसर पर जिलेवासी जिला मुख्यालय सहित जिले के सभी 5 जनपद पंचायतों एवं 9 नगरीय निकायों के विभिन्न स्थानों पर लगभग 2 लाख पौधों का रोपण कर धरती माता की सेवा एवं पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के पुनीत कार्य में अपनी बहुमूल्य भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

जिला प्रशासन एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित वृहद पौधारोपण सह वनमहोत्सव कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम हेतु निर्धारित स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में मंच निर्माण हेतु निर्धारित स्थल के अलावा परिसर के प्रवेश द्वार क्रमांक 2 पर मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों के आगमन उपरांत स्काउट–गाइड के विद्यार्थियों द्वारा किए जा रहे विधिवत आगवानी के पूर्वाभ्यास का भी अवलोकन किया। इसके उपरांत कलेक्टर मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समीप 20 जुलाई को पौधरोपण हेतु निर्धारित स्थल का अवलोकन भी किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों को वृहद पौधारोपण अभियान हेतु पर्याप्त मात्र में गड्ढों की खुदाई, पौधों की समुचित उपलब्धता एवं अन्य सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मिश्रा ने अपने कक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर वृहद पौधारोपण अभियान के तैयारियों की समीक्षा भी की। इस दौरान उन्होंने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को पौधों की पर्याप्त उपलब्धता, बैकड्राप निर्माण, हरी झण्डे की व्यवस्था, मंच संचालन एवं मंच की संपूर्ण व्यवस्था आदि के संबंध में विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जिले में आयोजित इस वृहद एवं महत्वपूर्ण कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की त्रुटि बिल्कुल भी नही होनी चाहिए। इसके लिए उन्होंने सभी संबंधितों को जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।



### आज होगा वृहद पौधारोपण, रोपे जाएंगे दो लाख पौधे

जिले में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एक नया अध्याय लिखने 20 जुलाई को जिला प्रशासन की पहल एवं जिलेवासियों की सक्रिय सहभागिता से वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का मुख्य आयोजन संयुक्त जिला कार्यालय परिसर मे प्रातः 10 बजे से शुरू होगा। इसके साथ ही जिले के सभी 05 जनपद पंचायतों एवं 09 नगरीय निकायों के विभिन्न स्थानों पर लगभग 02 लाख पौधों का रोपण कर पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन का पुनीत कार्य संपादित किया जाएगा। जिला प्रशासन एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित वृहद पौधारोपण सह वनमहोत्सव कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने शाम संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम हेतु निर्धारित स्थल का निरीक्षण कर अंतिम तैयारियों का अवलोकन किया। उन्होंने मंच, प्रवेश द्वार, पौधरोपण हेतु निर्धारित स्थल, बैठक व्यवस्था आदि का अवलोकन भी किया। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने जिले के सभी जनपद एवं नगरीय निकायों से जुड़े अधिकारियों से वर्चुअली संपर्क स्थापित कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में आयोजित इस वृहद एवं महत्वपूर्ण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपादित करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

### उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा आज आएंगे

बालोद। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा 20 जुलाई को बालोद जिले के दौरे पर रहेंगे। दौरे के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री शर्मा 20 जुलाई को प्रातः 8 बजे कवर्धा से प्रस्थान कर प्रातः 11 बजे बालोद पहुंचेंगे। यहां वे संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में आयोजित वृहद पौधारोपण कार्यक्रम में शामिल होंगे। शर्मा दोपहर 12 बजे बालोद में एक निजी कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 12.30 बजे सर्किट हाउस में आगमन एवं आमजनों से मुलाकात। इसके पश्चात दोपहर 2 बजे से सरयु प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। उप मुख्यमंत्री शर्मा शाम 5 बजे कबीरधाम जिले के लिए रवाना होंगे।



### ग्रामीणों ने लगाए पौधे

**डौंडीलोहारा।** ग्राम अंडी निवासी योगाचार्य तीरथ कुमार अटल ने कहा कि जीवन को पर्यावरण और पेड़ से जरुर जोड़े। समय निकालकर एक पौधा जरुर लगाएं। तीरथ कुमार अटल, कुमेश्वर साहू, ओमप्रकाश पटेल ने अपने साथियों के साथ ग्राम अंडी में पौधारोपण किया तथा सुरक्षा की जिम्मेदारी ली। उन्होंने कहा वृक्ष से ही हमें शुद्ध ऑक्सीजन, फलदार वृक्ष से हमें फल और औषधि वृक्ष से हमें दवाई मिलती है। धरती माता को वृक्ष से हरा भरा बनाएं। 20 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पौधा लगाकर एक मानवता का परिचय दें।



## धनगांव में किया गया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

डौण्डीलोहारा। सदगुरुदेव सतपाल महाराज के मार्गदर्शन में 5 से 20 जुलाई तक पूरे विश्व में वृहद पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है। इसी तारतम्य में मानव उत्थान सेवा समिति शाखा संबलपुर के ग्राम धनगांव में आश्रम प्रभारी महात्मा भुवनेश्वरी बाई के दिशा निर्देश तथा महात्मा हृदयानंद की उपस्थिति में पौधारोपण कार्य किया गया। इस अवसर पर सरपंच रघुवीर पटेल, ग्राम प्रमुख प्रताप सिंह कंवर, जिला प्रधान जीडी कोठवारे, जिला सचिव शिव कुमार, तहसील सचिव विजय कुमार पटेल, दशरथ पटेल, रिखी राम पटेल, लेखराम पटेल, लक्ष्मण रात्रे, इंद्र कुमार भंडारी, रिखीराम केराम, टेकराम पटेल, नरेश पटेल, सीताराम पटेल व ग्रामवासी उपस्थित थे।

## डौंडी नपं व्यापारी संघ आज लगायेगा 400 पौधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

नगर पंचयात में एकता व्यापारी संघ पूरे बालोद जिले में 20 जुलाई को प्रभारी मंत्री विजय शर्मा और कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में चला रहे अभियान 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत पौधे लगाने जाएंगे। उसी अभियान में संघ द्वारा 400 पेड़ लगाकर संरक्षण करने का संकल्प लिए। डोंडी में संघ के सदस्यों द्वारा स्थल निरीक्षण कर अभियान को सफल बनाने की बात कही। अध्यक्ष ओम गोलछा ने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम अभियान सिर्फ पेड़ लगाने से कहीं अधिक है। उन्होंने कहा कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्थायी भविष्य प्रदान करने पर्यावरण संरक्षण की प्रतिबद्धता है। हम सब नगर के व्यापारियों द्वारा शासन द्वारा दिए स्थल पर 400 पेड़ लगाकर उसमें होने वाले तार फेंसिंग व अन्य खर्च की पूरी जवाबदारी लिए है। भाजपा के जिला प्रतिनिधि मनीष झा ने बताया इस कार्यक्रम का उद्देश्य केवल हरियाली बढ़ाना नहीं, बल्कि मातृत्व की भावना को प्रकृति से जोड़ना रहा। सभी प्रतिभागियों ने मां के सम्मान में एक-एक पौधा लगाकर संकल्प लिया कि वे इन पौधों की देखभाल उसी तरह करेंगे जैसे मां अपने बच्चों की करती हैं।

मंडल उपाध्यक्ष राजेन्द्र नाहर ने कहा "यह अभियान सिर्फ पौधारोपण नहीं, एक नई सामाजिक चेतना का निर्माण है। अनुपयोगी स्थल पर पौधारोपण करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। व्यापारी संघ के सचिव कमलेश गुणधर ने सामाजिक संगठनों, बुद्धिजीवियों और छात्रों को आगे आकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से 'मां के नाम एक पेड़' योजना को हाथ में लेकर केवल पर्यावरण को सुधारने का प्रयास ही नहीं करना है, बल्कि इसके माध्यम से प्रकृति को अपने अनुकूल बनाने की कोशिश शुरू करना है। निरीक्षण के दौरान अशोक शिवहरे, रुपेश ढेलड़िया, संतोष ढेलड़िया, पुनम कोठारी, तेजस जैन, दद्दू जायसवाल सहित अन्य शामिल थे।




### एक पेड़ मां के नाम अभियान के लिए बच्चों ने निकाली रैली

**डौंडीलोहारा।** एक पेड़ मां के नाम वृहद पौधारोपण कार्यक्रम के लिए ग्राम सम्बलपुर में जनजागरूकता के लिए यहां के प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं हाई स्कूल सम्बलपुर के छात्र-छात्राओं ने रैली निकाली। रैली का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण के महत्व और "एक पेड़ मां के नाम" अभियान को सफल बनाना है। रैली में छात्रों ने नारे लगाए। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक टोमन लाल मालेकर, हाई स्कूल के प्रभारी प्राचार्य आरके यादव, शिक्षिका चौरसिया एवं प्रीति साहू, पूर्व माध्यमिक शाला से हेमेंद्र साहू एवं ललिता देवी चौधरी, प्राथमिक शाला की प्रधान पाठिका वीणा ठाकुर, अनिल दिल्लीवार, सुनीता साहू, बसंती पीकेश्वर एवं राबिन नागवंशी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता खोरबाहरिन ठाकुर, लता सही, तुलेश खरे, अर्चना ठाकुर एवं शकुंतला निषाद, ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति से कमरुनिशा, फातिमा साहू, रेखा जोशी एवं कमलेश्वरी विशेष रूप से शामिल हुए।

## कलंगपुर स्कूल में किया गया प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर




अथक प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कलंगपुर के प्रांगण में किया गया, जिसमें मेधावी छात्रें के साथ गुण्डरदेही के पर्यावरण प्रेमी जिन्होंने अब तक सार्वजनिक स्थलों में लगभग 400 बरगद, पीपल, आम, नीम, कदम, नारियल आदि के पौधे रोपे हैं जो वृक्ष बनकर छाया प्रदान कर रहे हैं, संस्था की ओर से सम्मान किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि राजीव नायर कॉर्पोरेट अफेयर रिलेशन एंड स्टूडेंट काउंसलर छत्रपति शिवाजी महाविद्यालय, अध्यक्षता पुष्पा गोविंद सिंह सरपंच ग्राम पंचायत कलंगपुर, विशेष अतिथि मानस प्रेमी चंद्र कुमारी साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष विकास जैन उपस्थित थे। ज्ञात हो कि सेवानिवृत अधिकारियों द्वारा संस्था का गठन किया गया है, जिसके माध्यम से समाज में शिक्षा, संस्कार, प्रोत्साहन हेतु समय–समय में कार्य किए जाते हैं। जिसके अध्यक्ष सेवानिवृत प्राचार्य पुनाराम साहू, सचिव केपी देशमुख, कोषाध्यक्ष शीतल प्रसाद साहू तथा उक्त कार्यक्रम में शहिद कौशल महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य कोमल सिंह सार्वा, सेवानिवृत्ति उप पंजीयक पीके चीवराम, एसके गुप्ता, वासुदेव चौधरी, बसंत सोनी, टीकम सिंह कोल्हे के साथ अनेक शिक्षाविद, समाजसेवी की गरिमा में उपस्थिति थे। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रपति पुरस्कृत सीताराम साहू श्याम साहित्यकार ने किया।

## 60 लीटर महुआ शराब जब्त, तीन गिरफ्तार

**गुरूर।** शराब की अवैध बिक्री करने वालों पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 60 लीटर महुआ शराब जब्त की और 3 आरोपी को गिरफ्तार किया है।गुरूर थाना प्रभारी सुनिल तिर्की के नेतृत्व में तीन टीम 18 जुलाई को ग्राम पेटेचुवा पहुंची और अलग-अलग स्थानों पर रेड कार्रवाई कर अवैध कच्ची महुआ शराब बेचने वाले 3 आरोपी के कब्जे से 60 लीटर शराब जब्त की गई। पकड़े गए आरोपियों में ग्राम पेटेचुवा निवासी टेमन लाल कोमरे 34 वर्ष के कब्जे से 35 लीटर, इंदल सिंह गावडे 58 वर्ष के कब्जे से 10 लीटर और प्रीतराम गोड पिता 40 वर्ष के कब्जे से 15 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। तीना आरोपियों को धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## हायर सेकंडरी स्कूल में हुआ छात्र संघ चुनाव, पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीपरछेड़ी में छात्र संघ का चुनाव सांस्कृतिक प्रभारी ममता बोरकर के नेतृत्व में हुआ। छात्र संघ का चुनाव आईएल साहू व टीआर सिंहा ने संपन्न कराया।

जिसमें 12वीं विज्ञान कक्षा से समीर कुमार शाला नायक चुने गए व छात्र प्रतिनिधि कुमारी फमिता 12वीं को बनाया गया। वहीं सांस्कृतिक सचिव योगिता 12वीं, सांस्कृतिक छात्र प्रतिनिधि राधिका निर्मलकर 12वीं, अनुशासन सचिव डेमन लाल 12वीं, क्रीड़ा सचिव ईश्वर कुमार 11वीं, निर्धन छात्र प्रतिनिधि लिकेश कुमार 11वीं, विज्ञान सचिव खेमलता साहू, भूगोल सचिव चंद्र प्रकाश 11वीं, उप क्रीड़ासचिव जितेंद्र कुमार 10वीं, उप निर्धन छात्र प्रतिनिधि खेमनाथ 10वीं, बागवानी सचिव सुमन 9वी, स्काउट सचिव गरिमा 9 वीं, रेडक्रॉस सचिव प्रद्युम्न नवमी, उपशाला नायक डिगेश आठवीं, उप छात्र प्रतिनिधि पूनम आठवीं, उपअनुशासन सचिव सोनाली, उप बागवानी सचिव टार्मेंद्र कुमार आठवीं, उपस्काउट सचिव मीनाक्षी सातवीं, उपरेडक्रास सचिव भूपेंद्र सातवीं चुने गए। प्रभारी प्राचार्य एमएल सार्वा द्वारा छात्रों को शपथ ग्रहण कराया गया एवं आशीर्वचन के रूप में पढ़ाई के प्रति लगन ईमानदारी व अनुशासन की सिख दी गई। छात्र संघ चुनाव में नरेंद्रजांगड़े, उमेश साहू, नरेंद्र ठाकुर, पुष्पा राणा, उपासना साहू, वेदिका साहू प्रधान पाठक एसके नायक, शिव सांडिल्य, मुरलीधर नेताम, रेणुका ठाकुर व शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## विधायक भेड़िया दो दिनी प्रवास पर रहेंगी 22 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



क्षेत्रीय विधायक व पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया डौंडीलोहारा ब्लॉक में दो दिवसीय दौरे पर रहेंगी। जिसमें क्षेत्र में लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में 22 जुलाई दिन मंगलवार ग्राम कोटेरा सुबह 10 बजे भूमिपूजन सामुदायिक भवन, ग्राम गंजईडीह सुबह 10.30 बजे जीम का भूमि पूजन व कला मंच का लोकार्पण, ग्राम भरनाभाट सुबह 11.30 बजे डोमशेड का लोकार्पण, ग्राम पिंगाल दोपहर 3 बजे डोमशेड का लोकार्पण,ग्राम कामता दोपहर 03.45 बजे जिम का भूमिपूजन, ग्राम भरदा शाम 04.30 बजे डोमशेड ,पेवरब्लाक का लोकार्पण,कला मंच लोकार्पण, ग्राम भेड़ी शाम 05.10 बजे का जिम का भूमिपूजन, ग्राम अंडी शाम 6 बजे जिम का भूमिपूजन करेंगी। दिनांक 23 जुलाई दिन बुधवार को ग्राम उरेटा सुबह 10.30 मंगल भवन का लोकार्पण, ग्राम बगईकोन्हा सुबह 11.00 बजे सामुदायिक भवन करियगोंदी, सामुदायिक भवन, ग्राम सिरपुर मंगल भवन एक साथ लोकार्पण, ग्राम मडियाकटा सुबह 11.30 बजे मंगल भवन राहटा कलामंच लोकार्पण, ग्राम नारगी दोपहर 3.00 बजे कलामंच भूमिपूजन एवं ग्राम दुबचेरा दोपहर 3.50 बजे सामुदायिक भवन का भूमिपूजन करेंगी।

## खाद व बीज को लेकर जन मुक्ति मोर्चा ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



नगर के बाजार चौक पानी टंकी के समीप छग जन मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने खाद बीज की कमी के चलते राज्य शासन को आड़े हाथों लेते हुए एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। साथ ही साथ बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओ ने रैली भी निकाली। विभिन्न नारों के साथ राज्य शासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विभिन्न मार्गों से होते हुए रैली नगर के एस डी एम कार्यालय तक पहुंची व वहाँ पर भी जोरदार नारेबाजी करते हुए शासन प्रशासन को खाद बीज की कमी पर ध्यान आकर्षित कराते हुए जिला कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा गया। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए ब्लाक अध्यक्ष जयसिंह दुग्गा ने कहा कि किसानों के मानसून के समय किसानी का समय चल रहा है ऐसे में सोसायटी में खाद बीज नही मिल रहा है। महामंत्री मूलचंद चंदेल ने कहा कि किसान परेशानी में है व राज्य सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी हुई है। ब्लाक प्रभारी घनश्याम चुरेंद्र ने कहा कि किसानों को खाद नही मिलने की वजह से खेती पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं।तरुण उर्वशा ने कहा कि राज्य शासन की सबसे बड़ी विफलता है कि किसानों को सही समय पर खाद बीज भी उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं। धरना प्रदर्शन को दशमत बाई मंडावी ने भी संबोधित किया।उक्त अवसर पर अशोक कोरेटी, सोहन सिंग कोकिला, रामचंद्र टेकाम, पूसऊ साहू, देवराज यादव, घनश्याम गुणेंद्र, मधु ,नरसिंग पटेल, लालचंद मंडावी, लखन लाल सलाम, सुनाराम गोगा, सुदामा नेताम सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।


**शैलदेवी महाविद्यालय**

ADMISSION OPEN

BA (Home Science Geography)
BSc Maths CS/Bio
BCA AICTE Approved
BCom
MCom
MSW
MA Hindi
DCA
PGDCA
B.Lib
PG Diploma in YOGA
BEd
DElEd
BSc BEd
MSc Physics & Chemistry Computer Science

Anda, Durg
✆ : 9575037637, 6265377477

## खबर संक्षेप



### जबर हरेली का आयोजन आज

**अंडा।** छत्तीसगढ़ीया क्रान्ति सेना द्वारा प्रदेश स्तरीय जबर हरेली का आयोजन 20 जुलाई को भिलाई में रखा है। इसमें सर्व छत्तीसगढ़ीया समाज परिवार सहित शामिल होने की अपील की है। कामेश्वर साहू ने बताया जबर हरेली रैली 8 वर्षों से आयोजित हो रही है, जिसमे लाखों की संख्या में लोग हर्षोल्लास के साथ हरेली मनाते हैं। रैली पावहॉउस अम्बेडकर चौक से दशहरा मैदान रिसाली में आएगी। जहां आमसभा के साथ ऋतु वर्मा पंडवानी और दुष्यन्त हरमुख कृत रंग झरोखा का कार्यक्रम का आनंद लेंगे।

### ब्लाक कांग्रेस कार्य कारिणी की सूची जारी

**गुरूर।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर के अध्यक्ष तामेश्वर साहश्नेद्वारा ब्लाक कांग्रेस कमेटी की घोषणा की है। इसमें कोषाध्यक्ष तीर्थशंकर साहू, उपाध्यक्ष दुर्गुराम सिन्हा, पालसिंह भुआर्य, कुलेश्वर गावड़े, सुकृति यादव, महामंत्री शादिक अली, सुमित राजा राजपूत, दिनाराम चेलक, धनुश साहू, संयुक्त महामंत्री चन्द्रहास सिन्हा, एसु कुमार कलिहारी, सचिव गिरधारी देवांगन, लीना तारम, बबलू साहू, मीडिया एवं सोशल मीडिया प्रभारी शिवम् कुरैटी, उमेश साहू, कार्यकारिणी सदस्य भगवानदास मंचूरिया, बरसन ग्वालंशी, सरस्वती चन्द्राकर, अजीत कुजांम, ममता सिहरे, प्रतिमा साहू, दिनेश साहू, रेनू यादव, प्रभा, राकेश सोनबरसा, मुकेश सार्वा, चितेश साहू, जमाल खान को बना गया है। वहीं ब्लाक कांग्रेस कमेटी में महिला कांग्रेस अध्यक्ष राजश्री क्षत्रीय, किसान कांग्रेस अध्यक्ष पारख साहू, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस अध्यक्ष शिव सिन्हा, अनुसूचित जाति अध्यक्ष आशादेवदास, युवा कांग्रेस अध्यक्ष मोनु ठाकुर, एनएसयूआई अध्यक्ष अभिषेक साहू, गुरूर शहर अध्यक्ष टिकेश्वर साहू को बनाया गया है।

### शिक्षक अपने-अपने घरों में लगा रहे मां के नाम पौधे

**डौंडी।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुरडोंगर के प्राचार्य बीके बहुरुपी के मार्गदर्शन एवं रेडक्रॉस काऊंसलर प्रभारी संजय बंजारे के नेतृत्व में रेडक्रॉस वालिंटियर्स अपने-अपने घरों में अपने माता-पिता, दादा-दादी एवं सभी सदस्यों के साथ एक पेड़ मां के नाम पर लगा रहे हैं। साथ ही साथ जल सरंक्षण अभियान के अंतर्गत अपने घर से शुरूआत करते हुए अपने-अपने घरों में बरसात के जल को सरंक्षण करने सोख्ता गढ्ढा का निमार्ण कर रहे हैं। रेडक्रास टीम एवं काऊंसलर संजय बंजारे इस कार्यक्रम के ज़रिए लोगों से अपील कर रहे हैं जलवायु एवं पर्यावरण में संतुलन बनाए रखने के लिए हमें हर स्तर पर प्रयास करना जरूरी है। रेडक्रॉस सोसायटी की संपूर्ण टीम लोगों से अपील कर रही हैं कि कल 20 जुलाई को होने वाले पौधारोपण महाअभियान में जुड़कर एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाएं एवं उस पेड़ की संरक्षण हेतु उचित व्यवस्था बनाए।

**विरोध : वर्तमान सरकार ने डेढ़ साल में ही कुल 80 पैसे की बढ़ोतरी की**

# बिजली दरों में वृद्धि व कटौती के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर

ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरुर के द्वारा छग राज्य विद्युत वितरण कं. अभियंता कार्यालय गुरुर का घेराव कर बिजली की दरों में की गई बेतहाशा वृद्धि को वापस लेने एवं अघोषित बिजली कटौती बंद करने संबंधी ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता काफी आक्रोशित रहे और पुलिस प्रशासन के बेरिकेड्स को तोड़ने का प्रयास किया। जिसमे क्षेत्रीय विधायक संगीता सिन्हा के मार्गदर्शन जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी के मार्गदर्शन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष के नेतृत्व में ज्ञापन सौपा गया।

जिला कांग्रेस कमेटी बालोद के अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तामेश्वर साहू ने बताया कि राज्य की भाजपा सरकार ने घरेलू बिजली की दर में 20 पैसे, गैर घरेलू बिजली की दर में 25 पैसे और सर्वाधिक बढ़ोतरी कृषि पंप के दाम में 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है जबकि कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार में पूरे 5 साल का नेट वृद्धि देखें तो मात्र 2 पैसे का था, जो ऐतिहासिक तौर पर सबसे न्यूनतम था। कांग्रेस सरकार ने बिजली के घाटे को पाटते हुए बिजली बिल हॉफ योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के 65 लाख से अधिक घरेलू उपभोक्ताओं को लगभग 3240 करोड़ रुपये के सब्सिडी देकर बहुत बड़ी राहत दी थी। किसानों को 5 एचपी तक निःशुल्क बिजली दिया, बीपीएल उपभोक्ताओं को को 40 यूनिट तक मुफ्त बिजली दी गई। इतिहास गवाह है कि भाजपा सरकारों में जनता को लूटने का तरह–तरह के हथकंडे अपनाए जाते हैं। 2003 से 2018 तक रमन सिंह सरकार ने 3.10 रुपये अर्थात 94 प्रतिशत की बढ़ोतरी की। वर्तमान सरकार ने डेढ़ साल में ही कुल 80 पैसे की बढ़ोतरी की है।





**इनकी रही उपस्थिति**

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तामेश्वर साहू, उपाध्यक्ष दुर्गू राम सिन्हा, महामंत्री सुमित राजपूत, दिना राम चेलक, विधायक प्रतिनिधि तोमन साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रभात धुरव, पूर्व सभापति केदार देवांगन, गिरधारी देवांगन, ममता सिहरे, कुलेश्वरी गावड़े, पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचासत तोषण साहू, पूर्व सभापति पालसिंह, जनपद सदस्य अजीत कुंजाम, चंद्रहास सिन्हा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष मोनू ठाकुर, अभिषेक साहू, गिरधारी देवांगन, ममता सिहरे, राज श्री क्षत्रिय, कुलेश्वरी गावड़े, सरस्वती चंद्राकर, बरसन लाल, मनोज बबलू साहू, खिबेश कुमार, जमील खान, तुलेश सिन्हा मनोज साहू, चित्रेश, जीवरखान साहू, लीलाराम साहू, रूपेंद्र कुमार, राजू साहू, धीरपाल सिंह, उमाशंकर, प्रतिमा साहू, प्रभा साहू, रेनू यादव, राकेश कुमार, शिव कुमार सिन्हा, अभिषेक साहू, कुलदीप कुमार, धनुष साहू, मोहन बंजारे, राजश्री क्षत्रीय, प्रभु राम नागवंशी, अनुराग चंद्रवंशी कृष्ण कुमार, बल्ला कुंजाम, सहित भारी संख्या में कांग्रेस जन एवं क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

ब्लाक कांग्रेस ने कहा भाजपा की सरकार आने के बाद प्रदेश भर में बिजली की कटौती शुरू हो गई और कीमत लगातार बढ़ाई जाने लगी है। कोयला हमारा, पानी हमारा, जमीन हमारी और हमें ही महंगे दर पर बिजली बेचा जा रहा है। सरकार पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही है, अघोषित कटौती रोज–रोज जारी है, उपर से सरकार ने बिजली के दामो में एक बार फिर बढ़ोत्तरी करके जनता की जेब में डकैती डाला है। प्रदेश भर से अनाप–शनाप बिजली बिल आने की शिकायत लगातार आ रही है, स्मार्ट मीटर के नाम पर अधिक बिल उपभोक्ताओं को भेजा जा रहा है। अब तो जनता को लूटने के लिए अडानी की कम्पनी का प्री–पेड मीटर भी लगाया जा रहा है।

ब्लाक कांग्रेस ने कहा गुरुर अभियंता अन्तर्गत लगातार अघोषित रुप से बिजली कटौती की जाती है जिससे आमजन, किमान, व्यापारी काफी परेशान है। ऐसे में अघोषित रुप से बिजली कटौती तत्काल बंद किया जाए। इसलिए कांग्रेस पाटी भाजपा सरकार के ऐसे अन्याय पूर्ण फैसले का विरोध करती है एवं इसके बिजली दरों में की गई वृद्धि को तत्काल वापस लेने की मांग करती है।

### रासायनिक दवाई पीकर बुजुर्ग ने आत्महत्या की कोशिश की




हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

रासायनिक दवाई पीकर एक बुजुर्ग ने आत्महत्या की कोशिश की जिसके बाद परिजनो द्वारा उक्त व्यक्ति को जिला अस्पताल मे भर्ती किया गया है जहां उक्त व्यक्ति का ईलाज जारी है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सांकरा मे 65 वर्षीय यादराम पटेल ने सुबह जब परिजन अपने अपने कामो पर निकल रहे थे। उसी वक्त आत्महत्या करने के प्रयास में रासायनिक दवाई पिकर आत्महत्या की कोशिश की। जिसकी सबसे पहले जानकारी उसकी पत्नी को हुई जिसके बाद उसके पत्नी के द्वारा परिजानो के साथ आस पास के लोगों को इसकी जानकारी दी। जहां परिजनो व ग्रामीणो ने बिना किसी देरी के जिला स्पताल पहुंचाया जहां व्यक्ति का ईलाज जारी है। वहीं व्यक्ति के आत्महत्या का कारण अज्ञात है।



## क्षेत्र की समस्याओं पर पूर्व विधायक प्रीतम ने उपमुख्यमंत्री व कृषि मंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद



पूर्व विधायक बालोद प्रीतम साहू ने क्षेत्र के विभिन्न समस्यों से अवगत कराते हुए उसके निराकरण की मांग कर उपमुख्यमंत्री अरूण साव एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम को ज्ञापन सौंपा। छत्तीसगढ़ विधानसभा सत्र के पश्चात पूर्व विधायक संजारी बालोद प्रीतम साहू ने छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री अरूण साव से क्षेत्र के विभिन्न समस्यों एवं छग शासन कृषि मंत्री रामविचार नेताम से मिलकर जिले के किसानो के लिए खाद् एव अन्य समस्याओं को दूर करने की मांग करते हुए दोनो ही मंत्रियों को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर धरसीवा विधायक अनुज शर्मा, राजिम विधायक रोहित साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता कुबेर साहू, प्रहलाद साहू सहित नेता उपस्थित थे।

## डॉ. बीके शक्तिराज का मोटिवेशनल प्रोग्राम 22 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद




जिले की आध्यात्मिक संस्था ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन बालोद के तत्वाधान में इंटरनेशनल माइंड ट्रेनर, मोटिवेशनल स्पीकर सर्टिफाइड लाइफ कोच डॉ. बीके. शक्तिराज द्वारा खुशियों की चाबी कार्यक्रम 22 जुलाई को मांगलिक भवन देवारभाट में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के बीके. भाई बहन लगे हुए है और लोगों को आमंत्रण पत्र घर–घर में जाकर दिया जा रहा है। कार्यक्रम 22 जुलाई को सुबह 9 बजे से 11 बजे तक होगा। बता दें कि डॉ. बी.के. शक्तिराज इंटरनेशनल माइंड ट्रेनर, मोटिवेशनल स्पीकर सर्टिफाइड लाइफ कोच के रूप में जाने जाते है और विश्व के कई देशों में जाकर मोटिवेशनल टॉक द्वारा आध्यामिकता की खुशबू को फैलाकर लोंगो में नई ऊर्जा का संचार किया है। उन्होने परमात्म सेवा और देश सेवा के लिए मानद् डॉक्टरेट डिग्री के साथ–साथ सूर्यभूषण राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए सम्मानित किया गया है। उनके कार्य भारतीय क्रिकेट टीम प्लेयर्स व आईपीएल टीम को माइंड पॉवर मेडिटेशन टेक्नीक का प्रशिक्षण दिया हैं। उन्होने बॉलीवुड के सितारों व टी.वी. कलाकारों को माइंड पॉवर मेडिटेशन टेक्नीक का प्रशिक्षण दिया है तथा भारत के कई राज्यों के कैबिनेट मिनिस्टर व अरूणांचल प्रदेश के मुख्यमंत्री को अति विशेष मेंटल रिलैक्शन ट्रेनिंग दी है।

बी.के. शक्तिराज भाई फिल्म डायरेक्टर भी है और अब तक 4 फिल्मों का निर्माण कर चुके है। उन्होने पिछले 30 वर्षो से राजयोग का अभ्यास कर रहे है, उन्होने ब्रह्माकुमारीज संस्थान के मुख्यालय माउंट आबू में ईश्वरीय व मानवता की सेवाओं के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया है। प्रोग्राम समय प्रति समय कई चौनल में प्रसारित होते है जैसे दूरदर्शन, जी टीवी, ई टीवी, अवेकनिंग टीवी, पीस ऑफ माइंड, न्यूज 18 और कई अन्य। उन्होने भारत की कई मल्टीनेशनल कंपनी सरकारी, निजी क्षेंत्रें में 2000 से भी ज्यादा क्रिएटिव सेमिनार व वर्कशॉप कर चुके है। उन्होने इंडियन आमएँ, बी.एस.एफ., एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया, भारत की कई नामचीन कम्पनी जैसे टाटा, इंफोसिस, रिलायंस, एल एंड टी, विडियोकॉन और ऐसे कईर कंपनियों में अपने वक्तव्य दिए है। उन्होने भारत के व विदेश के ब्रह्माकुमारीज सेंटर्स में अब तक 700 से भी ज्यादा क्रिएटिव मेडिटेशन रिट्रीट करा चुके है। इनके सभी प्रोग्राम बहुत क्रिएटिव करा चुके है। इनके सभी प्रोग्राम बहुत क्रिएटिव और एनजएँ से भरपूर, रिजल्ट ओरिएंटेड होते है।

इसके साथ–साथ पांच दिवसीय राजयोग शिविर 23 जुलाई से 27 जुलाई प्रातः 07:30 से 8:30 और शाम 07:30 से 8:30 बजे आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद में रखा गया है। आप सभी से निवेदन है कि एक घंटे का समय निश्चित कर इस शिविर का लाभ अवश्य लें।

## कम्प्यूटर आपरेटर संघ मानदेय भुगतान करने की मांग कर अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुण्डरदेही



ग्राम पंचायत कम्प्यूटर आपरेटर संघ गुण्डरदेही द्वारा अनुविभागीय अधिकारी गुण्डरदेही को ग्राम पंचायत में नियोजित डाटा एंट्री आपरेटर के मानदेय में वृद्धि एवं एक सुरक्षित मद कलेक्टर दर से मानदेय भुगतान प्रदान करने के सम्बन्ध में ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन देने के लिए ब्लाक व जिला अध्यक्ष ताराचंद साहू एवं सचिव चिमन साहू, उपाध्यक्ष दीपक कुमार, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार सहित 117 ग्राम पंचायत से बढ़ी संख्या में ग्राम पंचायत आपरेटरों की उपस्थिति में ज्ञापन दिया गया और आपरेटरों ने अपनी मांगों से अनुविभागीय अधिकारी को अवगत कराया की जिले व ब्लाक के आपरेटरों की स्थिति गंभीर है, न्युनतम मानदेय में ग्राम पंचायत के कार्य कर रहे है, लेकिन इसी न्युनतम मानदेय में क्लस्टर, तहसील, जनपद पंचायत में अतिरिक्त ड्यूटी लगाई जाती है, जिसमे किसी प्रकार का मानदेय और न ही कोई भत्ता दिया जाता है, साथ ही जिले के ग्राम पंचायतो में वित्त की कमी के कारण मानदेय भुगतान में देरी होती है, समस्या इस प्रकार हो जाती है की मानदेय 5–6 माह तक नही मिल पता है, जबकि सभी ग्राम पंचायत आपरेटर डिग्री व डिप्लोमा धारी है, जिनका न्युनतम मानदेय का प्रावधान भी है। अनुविभागीय अधिकारी ने ग्राम पंचायत आपरेटरों की बातो को सहमती देते हुए विश्वास दिलाया है की इस सम्बन्ध में जिला कलेक्टर व जिला सीईओ से चर्चा करेंगे।

## छात्रों ने निकाली एक पेड़ मां के नाम पर जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ दल्लीराजहरा





नगर के वार्ड 12 स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लेबर कॉलोनी कैंप-1 और शासकीय प्राथमिक शाला केराबाड़ी क्रमांक 2 में आज एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण जागरूकता अभियान के तहत रैली निकाली गई। यह अभियान 20 जुलाई को होने वाले महा पौधारोपण अभियान का हिस्सा है।

इस अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं ने बैंड-बाजे, नारे, बैनर, पोस्टर और चित्रकला के माध्यम से लोगों को पौधारोपण के लिए प्रेरित किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। रैली का आयोजन शिक्षकों एवं प्रकृति प्रेमियों के मार्गदर्शन में हुआ, जिसमें वीरेन्द्र सिंह, दीप्ति पांडेय, प्रधान सिंह कोरेटी, घनश्याम साहू, वंदना सार्वा, ममता घराना, दिनेश निषाद, लोकेन्द्र ध्रुवे, खिलेश्वरी साहू, सदाराम भुआर्य और धन्नू राम ठाकुर शामिल रहे।





### नगर के विभिन्न जगहों पर आज होगा पौधारोपण

**गुरूर।** नगर पंचायत द्वारा एक पेड़ मां के नाम के तहत महापौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन 20 जुलाई को नगर के एलएलआरएम सेंटर, शासकीय नवीन महाविद्यालय और मुक्तिधाम में आयोजित किया जाएगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी गुरूर ने इस महापौधारोपण कार्यक्रम में नगर के सभी नागरिका को अमूल्य भागीदारी निभाते हुए बड़ी संख्या में भाग लेने की अपील की है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**बिना पंचायत आए ग्रामीणों की समस्याएं पहुंचेगी**

## ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने वार्डों में लगाई समाधान पेटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद



ग्राम पंचायत ओरमा ने ग्रामीण विकास की दिशा में एक अनोखी पहल करते हुए समाधान पेटी योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत ग्राम के प्रत्येक वार्ड में समाधान पेटी लगाई गई है, जिससे ग्राम का अंतिम व्यक्ति भी बिना किसी झिझक और बिना पंचायत कार्यालय आए, अपनी समस्याएं व सुझाव सीधे पंचायत तक पहुंचा सकेगा।

जिला मुख्यालय से मात्र 5 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत ओरमा की सरपंच मंजूलता साहू के नेतृत्व में यह नवाचार प्रारंभ किया गया है। सरपंच ने बताया कि ग्राम ओरमा एवं मेढ़की के विकास हेतु ग्रामवासियों से सीधा संवाद स्थापित करने के लिए सभी वार्ड पंचों को सुझाव पेटियां सौंपी गई हैं।

यह सुझाव पेटियां प्रत्येक वार्ड के प्रमुख स्थानों पर लगाई जाएंगी, जहां आम नागरिक गांव के विकास से संबंधित सुझाव, शिकायतें व जरूरतें दर्ज कर सकेंगे। पंचायत के मासिक बैठकों में इन सुझावों पर गंभीरता से चर्चा की जाएगी तथा यथासंभव समाधान निकालने की दिशा में कार्य किया जाएगा। सरपंच मंजूलता साहू ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य शासन की योजनाओं और विकास कार्यों का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पारदर्शिता व संवेदनशीलता के साथ पहुंचाना है।

इस अवसर पर उप सरपंच रामचंद्र यादव, पंचगण देवंतीन सोनकर, सुदामा साहू, दुर्गेश्वरी साहू, ममता साहू, सगुना साहू, डोमार सिंह, चंचल साहू, ललिता ठाकुर, संतोष साहू, विश्वकर्मा भारद्वाज सहित कृषि विस्तार अधिकारी रेणुका साहू, पंचायत सचिव संतोष साहू, सहायक विकास विस्तारक अधिकारी जनपद पंचायत बालोद अशोक कुमार ध्रुव, हल्का पटवारी तरन्नुम खान एवं अभिजीत श्रीवास्तव उपस्थित रहे।





कैलाश मानसरोवर यात्रा
25 जुलाई, 14 अगस्त, 23 सितंबर 2025 (12 रात 13 दिन)
सुविधाः- 3 स्टार होटल, टूर गाईड, बस, फुड (ब्रेकफास्ट एंड डिनर), काठमांडू (पशुपतिनाथ)
नोटः- काठमांडू तक की फ्लाईट टिकट या ट्रेन टिकट का चार्ज एक्सट्रा रहेगा।
राशिः- (13 दिन) 2,10000/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411